वैश्विक जोखिम रिपोर्ट 2022

प्रिलिम्स के लिये:

विश्व आर्थिक मंच, ऊर्जा ट्रांज़िशन सूचकांक, वैश्विक प्रतिस्पर्द्धात्मकता रिपोर्ट, ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट, वैश्विक जोखिम रिपोर्ट, ग्लोबल ट्रैवल एंड टूरिज़्म रिपोर्ट

मेन्स के लिये:

वैश्विक चुनौतियाँ, कोविड-19 का प्रभाव, पर्यावरणीय जोखिम, तकनीकी जोखिम, अंतर्राष्ट्रीय जोखिम।

चर्चा में क्यों?

हाल ही में **विश्व आर्थिक मंच** द्वारा 'वैश्विक जोखिम रिपोर्ट-2022' जारी की गई। यह जोखिम विशेषज्ञों और व्यापार, सरकार एवं नागरिक समाज में विश्व प्रतिनिधियों के बीच वैश्विक जोखिम धारणाओं को ट्रैक करती है।

- यह पाँच श्रेणियों में जोखिमों को ट्रैक करती है: आर्थिक, पर्यावरण, भू-राजनीतिक, सामाजिक और तकनीकी।



//

प्रमुख बिंदु

- **कोविड-19 का प्रभाव:** महामारी की शुरुआत के बाद से सामाजिक और पर्यावरणीय जोखिम सबसे अधिक बढ़ गए हैं।
  - 'सामाजिक एकता में ह्रास', 'आजीविका संकट' और 'मानसिक स्वास्थ्य में गिरावट' अगले दो वर्षों में दुनिया के लिये सबसे अधिक खतरे के रूप में देखे जाने वाले तीन प्रमुख जोखिमों हैं।
  - **इसके अलावा इसने "ऋण संकट", "साइबर सुरक्षा विफलताओं", "डिजिटल असमानता" और "विज्ञान के खिलाफ प्रतिक्रिया" में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है।**
- **वैश्विक आर्थिक आउटलुक:** यह प्रमुख रूप से अल्पकालिक आर्थिक दृष्टिकोण को अस्थिर, खंडित, या तेज़ी से विनाशकारी मानता है।

- महामारी से बनी सबसे गंभीर चुनौती आर्थिक ठहराव है।
- **पर्यावरणीय जोखिम: "अत्यधिक मौसम" और "जलवायु कार्रवाई विफलता" लघु, मध्यम और दीर्घकालिक दृष्टिकोणों में शीर्ष जोखिम के रूप में दिखाई देते हैं।**
  - सरकारों, व्यवसायों और समाजों को नेट ज़ीरो अर्थव्यवस्थाओं में संक्रमण के लिये बढ़ते दबाव का सामना करना पड़ रहा है।
- **भू-राजनीतिक और तकनीकी जोखिम: लंबी अवधि में, भू-राजनीतिक और तकनीकी जोखिम भी चिंता का विषय हैं, जिनमें "भू-आर्थिक टकराव", "भू-राजनीतिक संसाधन प्रतियोगिता" और "साइबर सुरक्षा विफलता" शामिल हैं।**
- **अंतर्राष्ट्रीय जोखिम:** कृत्रिम बुद्धिमत्ता, अंतरिक्ष दोहन, सीमा पार साइबर हमले और गलत सूचना व प्रवास एवं शरणार्थियों की अंतर्राष्ट्रीय चिंताओं को शीर्ष रूप में दर्जा दिया गया था।
  - आर्थिक कठिनाई के रूप में बढ़ती असुरक्षा, जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभाव और राजनीतिक उत्पीड़न लाखों लोगों को बेहतर भविष्य की तलाश में अपना घर छोड़ने के लिये मजबूर करेंगे।
  - अंतरिक्ष पर्यटन के अलावा आने वाले दशकों में 70,000 उपग्रहों के प्रक्षेपण की संभावना, विनियमन की कमी के मध्य अंतरिक्ष में टकराव और बढ़ते अंतरिक्ष मलबे के जोखिम को बढ़ाएगी।

विश्व आर्थिक मंच

- **विश्व आर्थिक मंच के बारे में:**
  - विश्व आर्थिक मंच एक स्विस गैर-लाभकारी एवं अंतर्राष्ट्रीय संगठन है। इसकी स्थापना 1971 में हुई थी। इसका मुख्यालय स्विट्ज़रलैंड के जिनेवा में है।
  - स्विस/स्विट्ज़रलैंड अधिकारियों द्वारा सार्वजनिक-निजी सहयोग के लिये अंतर्राष्ट्रीय संस्था के रूप में मान्यता प्राप्त है।
- **मिशन:**
  - फोरम वैश्विक, क्षेत्रीय और औद्योगिक एजेंडों को आकार देने के लिये राजनीतिक, व्यापारिक, सामाजिक व शैक्षणिक क्षेत्र के अग्रणी नेतृत्व को एक साझा मंच उपलब्ध कराता है।
- संस्थापक और कार्यकारी अध्यक्ष: क्लाउस श्वाब (Klaus Schwab)
- **विश्व आर्थिक मंच द्वारा जारी की जाने वाली अन्य रिपोर्ट्स:**
  - ऊर्जा संक्रमण सूचकांक।
  - वैश्विक प्रतिस्पर्द्धात्मकता रिपोर्ट।
  - वैश्विक आईटी रिपोर्ट।
    - WEF द्वारा INSEAD और कॉर्नेल यूनिवर्सिटी के साथ मिलकर इस रिपोर्ट को प्रकाशित किया जाता है।
  - लैंगिक अंतराल रिपोर्ट।
  - वैश्विक जोखिम रिपोर्ट।
  - वैश्विक यात्रा और पर्यटन रिपोर्ट।
  - पर्यावरणीय प्रदर्शन सूचकांक।

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/global-risks-report-2022